शुक्रवार

06 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक





शाहपुर पेट्रोल पंप के पास बोलेरो और एंबुलेंस की भिड़ंत में दस लोग जख्मी 2


# बिहार के पर्यटक स्थलों का तेजी से किया जा रहा विकास: सीएम नीतीश

- मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले से 'समाधान यात्रा' का किया शुभारंभ
- सीएम ने विकास कार्यों का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान के लिये अधिकारियों को दिये निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले से 'समाधान यात्रा का शुभारंभ किया। वाल्मीकिनगर अतिथि भवन प्रांगण में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया एवं 'समाधान यात्रा' प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद दिया।

समाधान यात्रा के पहले दिन मुख्यमंत्री ने प्रखंड बगहा-2 के संतपुर सोहरिया पंचायत अंतर्गत दरुआबारी ग्राम में सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने समेकित थरुहट विकास अभिकरण अंतर्गत सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का शिलान्यास एवं कायारंभ किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत किट का वितरण किया। दरुआबारी ग्राम में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, नल-जल योजना एवं जल-जीवन-हरियाली योजना अंतर्गत पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। दरुआबारी पोखरा के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पोखरा में मछली छोड़ा। बिहार महादलित विकास मिशन के तहत संचालित रमाबाई किशोरी समूह, दरुआबारी के छात्राओं से मिलकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनी और उसके त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से कहा कि आप सभी खूब पढ़िए और आगे बढ़िए, यही हमारी इच्छा है।





दरुआबारी गांव भ्रमण के क्रम में ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने गांव तक सुगमतापूर्वक आवागमन हेतु सड़क बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस काम में विलंब नहीं होनी चाहिए और सड़क के दोनों तरफ पौधरोपण जरूर करायें। वर्ष 2009 से हमलोग पौधरोपण का काम करा रहे हैं। पहले कोई ध्यान नहीं दे रहा था। पूरे बिहार के पर्यटक स्थलों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पर्यटक बिहार आएं और यहां के ऐतिहासिक, पौराणिक धरोहरों को देखें एवं समझे।

भ्रमण के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी यात्रा को लेकर कहा कि हमारा मकसद है कि जिलों में अलग-अलग जगहों पर जाकर देखें कि वहां पर कितना काम हुआ है। जो काम चल रहा है उसमें कितना प्रोग्रेस हुआ है। काम पूरा करने में कोई बाधा तो नहीं आयी है।

## सभी नई पीढ़ी के लोग गांधी जी को याद रखें

मुख्यमंत्री ने विश्व मानव सेवा आश्रम, नरकटियागंज द्वारा दरुआबारी ग्राम में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विश्व मानव सेवा आश्रम के संस्थापक श्री शत्रुघ्न झा ने बुनकरों द्वारा चरखा से सूत कातने एवं खादी का कपड़ा बनाने के विषय में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। आश्रम से जुड़ी बालिकाओं ने मुख्यमंत्री के स्वागत में स्वागत गान गाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी नई पीढ़ी के लोग गांधी जी को याद रखें हैं, यह बहुत अच्छी बात है। हम हर जगह बापू की चर्चा करते रहते हैं ताकि युवा पीढ़ी के लोगों को गांधी जी के विचारों, उनके कामों एवं बताए मार्गों का ऐहसास हो आपलोगों से मिलकर और यह जानकर कि आप बापू के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं, मुझे काफी खुशी हुई है। भ्रमण के क्रम में दरुआबारी गांव के लोगों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

# ठंड ने तोड़ा दस साल का रिकॉर्ड, 38 जिलों में 8 डिग्री से भी कम हुआ पारा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में ठंड ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले 5 दिनों से बिहार में सूरज नहीं निकला है। इसके चलते हाड़ कंपा देने वाली ठंड का एहसास हो रहा है। ठंडी हवा और आसमान पर कोहरा होने से गलन वाली ठंड का एहसास हो रहा है। 17 जिलों में कोल्ड डे के हालात हैं। मौसम विभाग के मुताबिक ये स्थिति 10 जनवरी तक रहने की संभावना है। इस दौरान दिन के साथ ही रात के तापमान में भी पांच से छह डिग्री की गिरावट होगी। इस कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। ठंड हवाओं के रफ्तार पांच से सात किलोमीटर वृद्धि होने की वजह से दिन में कनकनी का एहसास होगा। इस दौरान पूरे दिन आसमान पर कोहरे का प्रभाव रहेगा। इससे शीतलहर की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक बिहार में उच्च हवा का दबाव है। पछुआ हवा सतह से डेढ़ किलोमीटर ऊपर तक पांच से छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही है। इसके साथ ही आर्द्रता 90 प्रतिशत है। इसके प्रभाव से बिहार के सभी हिस्से में घने कोहरे का असर दिखाई देगा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों में दिन के साथ ही रात के तापमान में भी पांच से छह डिग्री की गिरावट होगी। इससे दिन का पारा 11 से 15 डिग्री और रात का तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। ठंडी हवाओं की वजह से दिन के तापमान में गिरावट हो रही है। पटना, गया, नालंदा, नवादा सहित 38 जिलों में दिन का तापमान सामान्य से आठ डिग्री नीचे दर्ज किया गया।

## खबरें फटाफट

### हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

**बक्सर।** भूमि विवाद के कारण लोग अक्सर एक दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं। ऐसी ही एक घटना सिकरौल थाना के भखवा गांव में हुई थी। तीन लोगों ने मिलकर काशीनाथ चौबे की हत्या कर दी थी। इस मामले के आरोपी कन्हैया चौबे, अवध किशोर चौबे व गणेश चौबे को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले की सुनवाई कर रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक राय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद इन सभी को दोषी करार दिया। अपर लोकअभियोजक ददन कुमार सिंह ने बताया कि घटना 29 मार्च 1991 को हुई थी। गांव के समीप ही नहर के पास काशी नाथ चौबे की हत्या कर दी गई। सूचक गुलाब चौबे ने इसकी प्राथमिकी दर्ज कराई। सुनवाई चली तो पुलिस की जांच में भी तथ्य सामने आया।

### मरीज की मौत के बाद हंगामा

**छपरा।** सदर अस्पताल में भर्ती एक मरीज की मौत के बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि नर्स की लापरवाही से मरीज की मौत हुई। परिजनों का आरोप कि अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही से ही मौत हुई है। मृतका जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के धनाव गांव निवासी राजकुमार सिंह की 14 वर्षीय पुत्री जुली कुमारी थी जो कि किडनी पेशेंट थी। चिकित्सकों ने उसे आईसीयू में भर्ती किया था। जहां उपचार के चरण में उसकी मौत हुई है।

## सुशासन को ठेंगा: आपराधिक घटनाओं से सरकार पर उठे सवाल

# कृष्णाब्रह्म में 6 लाख की छिनतई भोजपुर में 31 हजार रुपए की लूट

- बक्सर व भोजपुर में हुई लूट की घटनाओं की जांच में जुटी पुलिस
- अपराधियों की शिनाख्त के लिए खंगाली जा रही है सीसीटीवी फुटेज

**केटी टीम/बक्सर/आरा**

शाहाबाद में अपराधियों का मनोबल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को बेखौफ अपराधियों ने बक्सर व भोजपुर जिले में छिनतई और लूट की दो घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसमें बक्सर जिले में लुटेरों ने सीएसपी संचालक से 5 लाख 80 हजार लूटे, वहीं भोजपुर में बैंक में घुस कर ग्राहकों और कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। दोनों घटनाएं बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़ी हुई हैं। हालांकि, दोनों ही वारदातों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लूटेरों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बक्सर में बेखौफ लूटेरों ने गुरूवार को सरेशाम एक सीएसपी संचालक से 5. 80 लाख रूपए की लूट कर ली है। लूट के दौरान विरोध करने पर उसकी पिटाई भी की है। घटना कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के चौकियां गांव के पास फोरलेन पर शाम करीब चार बजे की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित के बयान तथा बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल पुलिस लूटेरों की पहचान का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि करनामेपुर ओपी थाना क्षेत्र के महुआर निवासी उमाशंकर सिंह अपने गांव में बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी का संचालन करते है। गुरूवार को वे डुमरांव ब्रांच में आए थे। यहां से 5.80 लाख रुपए की निकासी कर वापस अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही वे फोरलेन पर चौकिया गांव के पास पहुंचे कि पीछे से एक ब्लू रंग की अपाची बाइक पर तीन की संख्या में लूटेरे उसका पीछा करते हुए आ धमके तथा चलती बाइक पर धक्का दे उसे गिरा दिया। सीएसपी संचालक उठकर संभलने का प्रयास करता तबतक तीनों उससे रूपयों से भरा बैग छिनने लगे। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी की गई। रूपयों से भरा बैग छिनने के बाद सभी ब्रह्मपुर की तरफ भाग निकले।

**बैंक से ही पीछा कर रहे थे लूटेरे :** जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लूटेरों की पहचान में जुट गई। आशंका जताई जा रही है कि लूटेरे बैंक से ही उसका पीछा कर रहे थे। इसी आशंका पर कृष्णाब्रह्म पुलिस डुमरांव के बैंक ऑफ बड़ौदा पहुंच सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने कोई विशेष जानकारी नहीं दी है।

## कर्मियों और ग्राहकों को बनाया बंधक

**आरा।** भोजपुर में बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार की दोपहर बड़हरा थाने के बखोरापुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा धावा बोलकर करीब 31 हजार रुपए लूट लिया।

ग्राहक बन कर बैंक में घुसे अपराधियों ने हथियार के बल पर कर्मियों व ग्राहकों को बंधक बनाकर लूटपाट की। भागने के क्रम में अपराधियों द्वारा दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग भी की गई। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है। सभी का चेहरा ढंका हुआ था। वारदात दोपहर ठीक करीब पौने दो बजे की है। लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। वहीं, भीड-भाड़ वाली प्रसिद्ध मां काली मंदिर के प्रागंण में स्थित बैंक से दिनदहाड़े लूट की वारदात से पुलिस महकमे में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में बड़हरा और नगर सहित अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। उसके बाद अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी गयी है। पुलिस अपराधियों के भागने की दिशा में छापेमारी कर रही है। इधर, अपराधियों की पहचान को लेकर पुलिस बैंक सहित आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अपराधियों की पहचान और धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





बैंक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज

# बीएसएससी का पेपर लीक मामला: रोहतास के प्रशांत ने तीसरी पाली का पेपर किया था वायरल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार स्टाफ सिलेक्शन कमिशन की तीसरे पाली का क्वेश्चन पेपर का फोटो खींच कर वायरल करने के मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इसमें एक शख्स रोहतास जिले का रहने वाला है। उसका नाम प्रशांत कुमार है। जबकि, दूसरा इसका साथी है। प्रशांत ने परीक्षा खत्म होने से महज 1 मिनट पहले क्वेश्चन पेपर का फोटो खींचा था। इस बात के सबूत आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की जांच में मिले हैं। इसके बाद ईओयू की टीम ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। फिर दो लोगों को ईओयू की टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है।

पकड़े जाने के बाद इन्हें पटना लाया गया है। इनसे पूछताछ की गई। पटना में दानापुर स्थित इर कॉलेज में प्रशांत का सेंटर था। दरअसल, बीएसएससी की परीक्षा देने वाले कैंडिडेट्स बार-बार दावा कर रहे हैं कि दूसरे और तीसरी पाली का क्वेश्चन पेपर लीक हुआ था। इसी वजह से वो पहले पाली की तरह ही दूसरी और तीसरे पाली की परीक्षा को भी कैंसिल करने की मांग लगातार कर रहे हैं। इस कारण वायरल पेपर की जांच की गई। प्रशांत के अलावा पकड़े गए दूसरे शख्स की पहचान को अभी जांच एजेंसी की तरफ से उजागर नहीं किया गया है।

**कोडिंग से चला पता :** सही तरीके से परीक्षा कराने के लिए इस बार बीएसएससी ने क्वेश्चन पेपर पर एक कोडिंग की थी। इस बात को परीक्षा देने वाला कैंडिडेट प्रशांत सही तरीके से भांप नहीं पाया। तीसरे पाली की परीक्षा 24 दिसंबर को सुबह 10:15 में शुरू हुई थी और दोपहर 12:15 बजे खत्म होने वाली थी। मगर, उस दिन परीक्षा खत्म होने से महज 1 मिनट पहले 12:14 बजे पर ही क्वेश्चन पेपर का फोटो खींच लिया था। ईओयू का दावा है कि प्रशांत परीक्षा खत्म होने के 55 मिनट बाद दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर क्वेश्चन पेपर को अपने दो दोस्तों के मोबाइल पर फॉरवर्ड किया था।







## झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थस्थल को लेकर केंद्र सरकार ने वापस लिया अपना आदेश

# सम्मेद शिखर पर नहीं होगी इको टूरिज्म एक्टिविटी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

झारखंड के पारसनाथ स्थित जैन तीर्थस्थल सम्मेद शिखर पर पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगा दी गई है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को तीन साल पहले जारी अपना आदेश वापस ले लिया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी नोटिफिकेशन में सभी पर्यटन और इको टूरिज्म एक्टिविटी पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने एक निगरानी समिति भी बनाई है। यह समिति इको सेंसिटिव जोन की निगरानी करेगी। केंद्र ने राज्य को निर्देश दिया है कि इस समिति में जैन समुदाय के दो और स्थानीय समुदाय के एक सदस्य को स्थायी रूप से शामिल किया जाए। केंद्र सरकार की तरफ से इको सेंसिटिव संबंधित नोटिफिकेशन निरस्त कर देने के बाद अब ये पूरा मामला राज्य सरकार के पाले में आ गया है। इस वजह यह है कि केंद्र सरकार के इको सेंसिटिव जोन घोषित करने के नोटिफिकेशन के बाद ही राज्य सरकार ने 2019 में पहले सम्मेद शिखर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बनाया था।



राज्य सरकार ने 2021 में सम्मेद शिखर को धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने का नोटिफिकेशन जारी किया था। अब यहीं पेंच फंस गया है। इसके लिए राज्य सरकार को अब सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र से बाहर करने के लिए अधिसूचना में संशोधन करना होगा या फिर उसे रद्द करना होगा। तभी सम्मेद शिखर 2019 से पहले की स्थिति में आ सकेगा। केंद्र के फैसले के बाद दैनिक भास्कर ने राज्य सरकार के पर्यटन सचिव, मुख्य सचिव व पर्यावरण सचिव से बात करने की कोशिश की, लेकिन कोई भी अधिकारी बात करने के लिए तैयार नहीं है। केंद्र सरकार के फैसले के बाद जैन समाज ने खुशी जाहिर की है। जैन मुनि प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि यह सुखद सूचना है। जैन समाज जिस मुद्दे को लेकर आंदोलित थी, उन सभी बातों को केंद्र सरकार ने मान लिया है। उन्होंने कहा कि सारे आंदोलन को रोक देना चाहिए। अब आंदोलन की कोई जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्यमंत्री अश्विनी चौबे सभी का आभार व्यक्त करना चाहिए।

## खबरें फटाफट

### हत्या मामले में पूर्व वार्ड पार्षद पुत्र समेत दो गिरफ्तार

**आरा।** शहर के एमपी बाग मोहल्ले में चुनावी रंजिश में छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने पूर्व वार्ड पार्षद पुत्र समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में गुरुवार की दोपहर शहर के रमना मैदान के समीप गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार लोगों में शहर के एमपी बाग निवासी पूर्व वार्ड पार्षद पुत्र धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव उर्फ भीम लाल और सुमित चौधरी है। इस मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उनमें छह आरोपितों के खिलाफ वारंट भी निर्गत हो गया है। बता दें कि चुनावी रंजिश को लेकर पूर्व और नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद के समर्थकों के बीच गत एक मारपीट हुई थी। उसमें दोनों पक्षों से दस लोग घायल हो गए थे। उनमें गंभीर रूप से जख्मी नवनिर्वाचित पार्षद के पक्ष के छात्र नितेश कुमार उर्फ रितेश की मंगलवार की सुबह पटना में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी।

### कमेटी बनाने को लेकर हुई बैठक

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष राज प्रेम यादव की अध्यक्षता में पंचायत स्तर पर बुत कमेटी बनाने को लेकर बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक सतीश कुमार शामिल हुए। वहीं बैठक में पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं ने निर्णय लिया के पार्टी विस्तार को लेकर पंचायत स्तर पर बूत कमेटी बनाई जाए। जिसे लेकर विधायक सतीश कुमार प्रत्येक पंचायत का दौरा करेंगे और हर पंचायत में जाकर बुत कमेटी का विस्तार करेंगे। मौके पर राजद नेता सारिक फतह, पत्तों खान, मुस्तफा अहमद, असगर आलम, रंजीत यादव, वीरेंद्र रावत, प्रभावती देवी, सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शीतलहर का प्रकोप: स्वास्थ्य विभाग लोगों को ठंड से बचने की दे रहा सलाह

**केटी न्यूज/बक्सर**

- सिविल सर्जन ने मौसम संबंधी परामर्श के पालन करने की दी नसीहत
- ठंड में नशीली चीजों का सेवन न करने की दी सलाह, कहा-गर्म व पौष्टिक भोजन करें



जिले में शीतलहर का प्रकोप जारी है। शीतलहर के कारण गुरुवार को जिले में न्यूनतम तापमान छह डिग्री व अधिकतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ हवाओं के कारण फिलहाल स्थिति यथावत रहेगी। ऐसे में लोगों से ठंड व शीतलहर से बचने की अपील की जा रही है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग व गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

बढ़ती ठंड व शीतलहर को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने लोगों को ठंड से बचने के उपाय के साथ साथ लोग क्या करें और क्या न करें, इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक सर्दी की अवस्था में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों जैसे फ्लु, बहती नाक इत्यादि की आशंका बढ़ जाती है। ऐसी अवस्था में तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें। शीतलहर के दौरान, मौसम संबंधी जानकारियों और परामर्श का पालन करें। शीतलहर के दौरान घर में रहें और कम से कम यात्रा करें। अपने आप को सूखा रखें और बहु स्तरीय ढीले ऊनी कपड़े, अपने सर, गला, हाथ और पैरों को ढक कर रखें।

**ठंड में अधिक बाहर न घूमें :**

सिविल सर्जन डॉ. नाथ ने बताया, ठंड में लोगों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन करना चाहिए। साथ ही, विटामिन- सी की प्रचुरता वाले फल और सब्जी का अधिक सेवन करें, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता तथा तापमान को नियंत्रित रखती है। नियमित अंतराल पर गर्म पेय पदार्थ का सेवन करें जो कि शीतलहर के दौरान शरीर के तापमान को नियत रखते है। बच्चों, वृद्ध व्यक्तियों के साथ-साथ पड़ोस में अकेले रहने वाले व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। पीने के लिए गरम पेय पदार्थ दें। स्थिति बिगड़ने पर अति शीघ्र चिकित्सीय परामर्श लें। उन्होंने ठंड में अधिक बाहर न घूमने की सलाह दी। कहा कि ठंड में नशीली वस्तुओं का सेवन न करें। इसके सेवन से शरीर के तापमान में गिरावट आती और रक्त वाहिनियों में विशेष तौर पर हाथों के रक्त वाहिनियों में सिकुड़न आती है। ठंड की चपेट में आए अंगों की मालिश ना करें क्योंकि इससे और अधिक नुकसान हो सकता है। कंपकंपी को कभी नजर अंदाज ना करें क्योंकि यह शरीर के तापमान के गिरावट का सूचक है। , अगर ऐसा व्यक्ति अचेत हो तो उसे कोई भी पेय पदार्थ ना दें।

**घर के अंदर अंगीठी न जलाएं :**

सिविल सर्जन डॉ. नाथ ने कहा कि ठंड से बचने के लिए लोग कोयले की अंगीठी जलाते हैं। जो बेहद खतरनाक होता है। लोग घरों के अंदर कोयला न जलाएं, क्योंकि कोयले के जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। जो कि विषैला होता और कमरे के अंदर के व्यक्तियों की जान जा सकती है। शीतलहर की चपेट में आने से हाथों और पैर की उंगलियों में उजले/पीले धब्बे आ सकते हैं। इसका विशेष ध्यान रखें। शीतलहर के दौरान शरीर के तापमान में गिरावट आने से कंपकंपी, बोलने एवं सोने में तकलीफ, मांस पेशियों में खिंचाव सांसों में तकलीफ और अचेतावस्था हो सकती है। यह चिकित्सकीय आपात स्थिति है। अतः ऐसी अवस्था में अतिशीघ्र उपचार की आवश्यकता होती है, ऐसी स्थिति में व्यक्ति को तत्काल गर्म स्थान पर ले जाएं और कपड़े बदलें , व्यक्ति को संपर्क के द्वारा एवं कई स्तरों के कंबलों, कपड़ों तौलिया, चादर आदि से ढककर गर्म करें।

## राजस्थान के राजकोट से शव लेकर छपरा के परसा आ रहा था एंबुलेंस, हुआ हादसा

# शाहपुर पेट्रोल पंप के पास बोलेरो और एंबुलेंस की भिड़ंत में दस लोग जख्मी

- घायलों में राजस्थान, सारण और सोनपुर के रहने वाले, आरा में चल रहा इलाज
- शव का अंतिम संस्कार करने के बदले अस्पताल में इलाज करा रहे परिजन

**केटी न्यूज/आरा**


जख्मियों को इलाज के लिए ले जाते परिजन


दुर्घटना में घायल व्यक्ति को एंबुलेंस से लेकर आए परिजन

जिले में आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर के नजदीक पेट्रोल पंप के पास बुधवार को बोलोरो और एंबुलेंस में जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में दोनों वाहनों पर सवार दस लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एंबुलेंस पर सवार राजस्थान के धौलपुर जिले के सपउ गांव निवासी ईश्वरी प्रसाद के पुत्र उम्मेद सिंह, सारण के परसा थाना क्षेत्र के खेमाडीह गांव निवासी किशोरी राय के पुत्र मैनेजर राय, मोहन राय, धर्मनाथ राय के पुत्र बालेश्वर राय और उसी थाना क्षेत्र के अजनी गांव निवासी राहुल कुमार राय शामिल है। इनमें धौलपुर निवासी उम्मेद सिंह एंबुलेंस चालक है।

वहीं, बोलेरो पर सवार लोगों में सोनपुर थाना के सोनपुर गांव निवासी जादूनाथ राय के पुत्र रोहित कुमार, जय किशोर राय के पुत्र अनीश कुमार, चंद्र भूषण कुमार, उनका पुत्र रजनीश कुमार और बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव निवासी लक्ष्मण यादव के पुत्र और बबन यादव शामिल है। जख्मी मैनेजर राय ने बताया कि उसका भाई रंजीत गुजरात के राजकोट में काम करता था। वहां उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उसके पेट में इंफेक्शन हो गया था। उसे लेकर उसे राजस्थान के राजकोट स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसकी मौत हो गयी थी। उसके बाद वे लोग राजकोट से एंबुलेंस से जब उसका शव लेकर गांव आ रहे थे। उसी दौरान आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर स्पेक्ट्रोमीटर पंप के समीप एंबुलेंस सामने से आ रही एक बोलेरो से टकरा गयी।

### तेज रफ्तार एंबुलेंस ने सीधे मार दी ठोकर

इधर, बोलेरो सवार रजनीश कुमार ने बताया कि वे सभी अपने गांव सोनपुर से बिहिया थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव अपने रिश्तेदार के घर आए थे। वहां खाना खाने के बाद सभी लोग बोलेरो पर सवार होकर शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही गांव अपने एक अन्य रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। उस क्रम में उनकी बोलेरो शाहपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़ी की थी। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एंबुलेंस ने बोलेरो में सामने से जोरदार ठोकर मार दी। उससे दोनों वाहनों पर सभी लोग जख्मी हो गए। उसके बाद सभी को पहले शाहपुर और उसके बाद आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**सभी अस्पताल में करा रहे इलाज :** छपरा के खेमाडीह गांव निवासी किशोरी राय के घर वालों के साथ दुर्घटना हो रही है। पहले एक जवान बेटे की बीमारी से मौत हो गयी। बाद में जब परिजन उसका शव लेकर गांव लौट रहे थे, तो एंबुलेंस सड़क हादसे का शिकार हो गयी। उसमें उनके दो बेटों सहित पांच लोग अन्य भी जख्मी हो गए। ऐसे में शव का अंतिम संस्कार करने के बदले घर के लोग अस्पताल में इलाज कराने में जुट गए हैं।

## एक नजर

### जिला प्रशासन की ओर से कंबल वितरण शुरू



**जहानाबाद।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को मुख्यमंत्री वस्त्र वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन से जिले के असहाय, निर्धन, भिक्षुको को निःशुल्क ऊनी कम्बल वितरण हेतु कुल 390 कंबल क्रय किया गया है। उक्त कम्बलों का प्रखण्ड स्तर पर उपावंटन किया गया। जिसमें मखदुमपुर प्रखण्ड को 76, काको प्रखंड को 50, रतनी फरीदपुर प्रखण्ड को 42, हुलासगंज प्रखण्ड को 27, मोदनगंज प्रखण्ड को 24, घोषी प्रखण्ड को 29 एवं जहानाबाद प्रखण्ड को 42 कम्बल उपावंटित किया गया। जिसे बीडीओ के स्तर से प्रखण्डों के असहाय, निर्धन, भिक्षुकों के बीच वितरण की कार्रवाई की जा रही है। जिले में बढ़ती ठंड/शीतलहर के मद्देनजर जिला स्तर पर शेष बचे 100 कंबलों में से शुक्रवार को जिलाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों यथा-रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, सदर अस्पताल, अम्बेडकर चौंक, एरकी आदि स्थानों में असहाय, निर्धन, भिक्षुको एवं जरुरतमंदों के बीच कुल 32 कम्बलों का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी को ठंड से सुरक्षित रहने की अपील की। कंबल पाकर लोगों ने राहत और प्रसन्नता व्यक्त कर जिला पदाधिकारी का धन्यवाद किया। उक्त अवसर पर जिला पदाधिकारी के साथ साथ उप विकास आयुक्त परितोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार, निदेशक डीआरडीए पंकज कुमार घोष, अंचल अधिकारी संजय कुमार अंबष्ट, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग माला कुमारी उपस्थित थे।

### जिला जज ने पीड़िता को दिया चेक



**जहानाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायधीश, डॉक्टर राकेश कुमार सिंह ने मोटर दुर्घटना केस में काको निवासी पीड़िता प्रतिमा कुमारी को आठ लाख पचास हजार रुपए का चेक दिया। साथ ही, पीड़िता को सलाह दी कि इस पैसे को अपने बच्चे को अच्छी पढ़ाई कराने और कुछ रुपयों को भविष्य के लिए रखा जाए। विदित हो की फरवरी 2019 में पीड़िता के पति रंजीत कुमार को मिनी ट्रक के ड्राइवर द्वारा लपरवाही से गाड़ी चलाते हुए, कुचल दिया था। जिसके कारण घटना स्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता द्वारा मुआवजा के लिए, जिला एवं सत्र न्यायधीश की कोर्ट में मोटर दुर्घटना के तहत मामला दर्ज कराई थी। आवेदिका के अधिवक्ता रामानंद साव ने बताया कि पीड़िता एवं बजाज एलियांज जेनरल इंश्योरेंस द्वारा जिला जज के प्रयास से राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल आठ लाख पचास हजार रुपए में समझौता हुआ। समझौता के आलोक में इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता रामध्यान सिंह ने पीड़िता के नाम से उक्त राशि का चेक न्यायलय में जमा किया था। जिसे आज जिला जज ने पीड़िता को दिया।

### जिला जज ने जिलाधिकारी व एसपी को नियमों का पालन कराने का दिया निर्देश

**जहानाबाद।** जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह ने जिले के डीएम एवं एसपी को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि जहानाबाद शहर में आये दिन प्राइवेट बसों की छतों पर एवं छोटे गाड़ियों के उपर कुछ ड्राइवरों एवं कंडक्टरों द्वारा यात्रियों को यात्रा कराते हुए देखा जाता है।

जिन्हें अविलम्ब रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि इस शीत लहर एवं कड़ाके की ठंढ मेंआम जनता की जानमाल की सुरक्षा के लिए उन्हें गाड़ियों की छतों पर यात्रा करने से रोकने की जिम्मेवारी पुलिसकर्मियों की है, परन्तु वे इसे देखकर भी मूकदर्शक बने रहते हैं और उनकी आंखों के सामने यह यात्रा जारी रहती है, जो बहुत ही खेदजनक एवं कष्टकारी है। इसलिए उन्होंने जिले के डीएम एवं एसपी को निर्देश दिया है कि वे गाड़ियों की छतों पर यात्रा करानेवाले वाहन मालिकों, ड्राइवरों एवं कंडक्टरों को गिरफ्तार कर के उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कारवाई करें जिससे सामान्यजन जो यात्रा कर रहे हैं, उनकी जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। जिला जज ने जहानाबाद एवं अरवल के जिलाधिकारीयों को निर्देश दिया है।

# युवती को गोली मारने में हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

- ट्रांजिट रिमांड के बाद पुलिस हम प्रवक्ता को शुक्रवार को रांची ले जायेगी झारखंड पुलिस



हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दानिश रिजवान को गुरुवार को आरा से गिरफ्तार कर लिया गया। उनको झारखंड पुलिस ने रांची की एक युवती को गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरा नगर थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला निवासी हम प्रवक्ता दानिश रिजवान को कोर्ट के बाहर पुलिस द्वारा फिल्मी अंदाज में पकड़ा गया। रांची पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर उनको अपने साथ ले जायेगी। इसे लेकर पुलिस की ओर से शुक्रवार कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए उनको प्रस्तुत किया जायेगा। रांची पुलिस के अनुसार बीते 13 दिसंबर को रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू चौक और सहजानंद चौक के बीच सुष्मा बड़ाइक उर्फ पद्मा बड़ाइक को गोली मारी गयी थी। उसको लेकर अरगोड़ा थाना के हरमू वीर कुंवर सिंह चौक निवासी सुषमा बड़ाइक के भाई सिकंदर बड़ाइक की तहरीर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें दानिश रिजवान सहित चार लोगों को नामजद किया गया था। उसके बाद से रांची की पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। उसी क्रम में पुलिस को हम प्रवक्ता के आरा में होने की सूचना मिली थी। उस आधार पर रांची पुलिस शुक्रवार को आरा पहुंची और कोर्ट के बाहर से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इधर, हम प्रवक्ता दानिश रिजवान की गिरफ्तारी से सूबे की राजनीति में गरमाहट आ गयी है।

**पेशी के बाद कोर्ट से बाहर पुलिस ने उठाया :** जानकारी के अनुसार हम के राष्ट्रीय प्रवक्ता दानिश रिजवान गुरुवार को आरा के बहुचर्चित व्यवसायी कृष्ण हत्याकांड में पेशी के लिए कोर्ट गये थे। इसकी सूचना उनकी तलाश में आरा पहुंची रांची पुलिस को लग गयी थी। उस आधार पर रांची पुलिस कोर्ट के बाहर सादे लिबास में घूम रही थी। दोपहर तीन बजे हम प्रवक्ता पेशी के बाद कोर्ट से बाहर निकल रहे थे। तभी सादे लिबास में मौजूद रांची पुलिस के अफसरों व जवानों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### किसानों ने दिया प्रशासन को 25 तक का समय, फिर रोकेंगे काम



**बक्सर।** चौसा में पिछले दो माह से प्रभावित किसान मोर्चा का धरना चल रहा है। गुरुवार को उनका साथ देने संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के सदस्य भी पहुंचे। इन लोगों द्वारा किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय किसानों को एकत्र कर एसजेवीएन प्लांट के मुख्य गेट के पास कार्यक्रम किया गया। साथ ही भाषण के दौरान यह चेतावनी दी गई। अगर प्रशासन ने हमारी मांगे 25 जनवरी तक नहीं मानी तो हम यहां काम रोकेंगे। कुछ लोगों ने करो या मरो का नारा भी दिया। हालांकि चौसा के किसान पिछले दो माह से अपने लिए भूमि का उचित मुआवजा मांग रहे हैं। जिसका अधिग्रहण रेल व पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए किया जाना है। उनका तर्क है कि प्लांट के लिए सरकार ने 2013 में अधिग्रहण किया था। अब नौ वर्ष गुजर चुके हैं। हमें भूमि का मुआवजा पहले से अधिक मिलना है। लेकिन, गुरुवार की महा पंचायत में 15 सूत्री मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमें मुआवजा समेत किसानों पर हुए मुकदमों को वापस लेने जैसी मांगे हैं। मीडिया को जारी किए गए प्रेस नोट में चेतावनी का उल्लेख भी किया गया। महापंचायत में के दौरान स्थानीय किसानों के अलावा संयुक्त किसान मोर्चा के रामचंद्र आजाद, बाल गोविंद सिंह गया, जानकी भगत रोहतास, अरुण सिंह औरंगाबाद, रामप्रसाद सिंह नवीनगर, प्रमोद कुमार जहानाबाद के लोग भी पहुंचे। स्थानीय लोगों में अश्विनी कुमार, सत्येन्द्र नारायण, मो मेराज, नन्दलाल सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

## गर्भस्थ बच्चे को एचआईवी संक्रमण से बचाना मुख्य मकसद

# सेंटिनल सर्विलांस कार्यक्रम: 400 गर्भवती महिलाओं की होगी एचआईवी जांच

- जिले में 1100 के करीब एचआईवी संक्रमित

**केटी न्यूज/सासाराम**




देश में गर्भवती महिलाओं में बढ़ते एचआईवी एड्स की समस्या को देखते हुए सरकार इस बीमारी को खत्म करने और लोगों को इससे बचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। एचआईवी की रोकथाम के लिए देशभर में सेंटिनल सर्विलांस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत क्रॉस चेक के माध्यम से गर्भवती महिलाओं में एचआईवी एड्स की स्थिति का पता लगाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को वर्ष 1998 में देश के 1576 केंद्रों पर शुरू किया गया था। इसी अभियान के 18 वें चक्र की शुरूआत 1 जनवरी 2023 से देश भर के 1557 केंद्रों पर हुई जिसमें रोहतास जिला भी शामिल है। रोहतास जिले में 1100 के आसपास एड्स पीड़ित मरीज हैं। जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक देखी जा रही है। हालांकि रोहतास जिले में गर्भवती महिलाओं में एचआईवी संक्रमण का मामला काफी कम रहा है। बावजूद इसके सभी गर्भवती महिलाओं का एचआईवी टेस्ट कराया जा रहा है।

**400 गर्भवती महिलाओं का रखा गया है लक्ष्य :** सदर अस्पताल के एसटीडी क्लीनिक सह गुप्त रोग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित एचआईवी सेंटिनल सर्विलांस कार्यक्रम के तहत रोहतास जिले में कुल 400 गर्भवती महिलाओं का क्रॉस चेक के माध्यम से जांच करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी जानकारी देते हुए एसटीडी परामर्शी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सर्विलांस जांच जिला स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक 3 चरणों में गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच की जाती है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच जिला स्तर पर होगी। उसके बाद उसी सैंपल की जांच राज्य स्तर पर फिर अंत में केंद्र स्तर पर की जाएगी। इससे यह मालूम होगा कि निचले स्तर की जो भी जांच हुई है उस रिपोर्ट की क्या क्वालिटी है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य मकसद एचआईवी पीड़ित गर्भवती महिलाओं के बच्चों को संक्रमित होने से बचाना है।

### एचआईवी संक्रमित गर्भवती के प्रसव की सुविधा मौजूद

सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने बताया कि सासाराम सदर अस्पताल में अब एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं के प्रसव की व्यवस्था शुरू हो गई है। पहले यह व्यवस्था जिला में नहीं थी। इसलिए वैसी स्थिति में उन्हें गया रेफर किया जाता था। परंतु अब यह व्यवस्था जिला में मौजूद है। उन्होंने कहा कि जो भी संक्रमित गर्भवती महिलाएं हैं वे अपना इलाज सरकारी अस्पतालों में ही कराएं। क्योंकि यहां पर सभी सुविधाएं उन्हें नि:शुल्क प्रदान की जाती और प्रसव की भी बेहतर व्यवस्था है। सिविल सर्जन ने बताया कि रोहतास जिले में 4 से 5 एचआईवी पीड़ित गर्भवती महिलाओं का सफल प्रसव कराया जा चुका है। प्रसव के बाद सभी बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ और एचआईवी रहित हैं।

**लोगों को असुरक्षित यौन संबंध से बचना चाहिए :** एसटीडी परामर्शी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि 85 प्रतिशत एचआईवी का खतरा असुरक्षित यौन संबंध के कारण होता और 15 प्रतिशत ब्लड या अन्य माध्यमों से होता है। इसलिए लोगों को असुरक्षित यौन संबंध से बचना चाहिए। यदि यौन संबंध बना भी रहे हैं, तो कंडोम का प्रोटेक्शन जरूर लें। उन्होंने बताया कि जिले में पिछले दो महीनों में गर्भवती महिलाओं में एचआईवी के मामले सामने नहीं आये हैं। इसके पूर्व जो भी मामले आए उसमें अधिकांशतः महिलाओं के पति माइग्रेंट्स रहे हैं। इस वजह से पुरुषों में संक्रमण के कारण महिलाएं भी संक्रमित हुई।

## खबरें फटाफट

### मंदिर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, प्राथमिकी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डुमरेजनी मंदिर के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में कोरानसराय थाना क्षेत्र के चुआड़ गांव निवासी सुधीर कुमार पांडेय ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित ने दिये गये आवेदन में बताया है कि मां डुमरेजनी के दर्शन के लिए बाइक से मंदिर आया था। गेट के समीप बाइक हीरो पैसन प्रो है, जिसका नंबर बीआर 44 बी 9079 खड़ा कर पूजा करने अंदर चला गया। जब बाहर आया तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं अता-पता नही चला। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामले को दर्ज कर अज्ञात बाइक चोर की पहचान करने में पुलिस जुटी है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षो द्वारा एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे बरसाए गए। जिसमें दोनों पक्षों के लोग जख्मी हो गए है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ स्थानीय थाना में नामजद प्रथमिकी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार रास्ते के विवाद में पहले दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई फिर मारपीट होने लगी। जख्मियों का इलाज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। एक पक्ष की राजकुमारी देवी ने रमेश यादव, रंजीत यादव, विक्रमा यादव पर जबकि दूसरे पक्ष के विक्रमा यादव ने राजकुमारी देवी, केदार यादव, रविन्द्र यादव एवं एक युवती सहित कुल चार लोगों के खिलाफ नामजद प्रथमिकी दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि दोनों पक्षो के लिखित आवेदन पर एक दूसरे के खिलाफ नामजद प्रथमिकी दर्ज की गई।

### गांव की समस्याओं से अवगत हुए आधिकारी

**केसठ।** सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को त्वरित व प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ ही न्याय के साथ विकास सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड के रामपुर पंचायत भवन में गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान जनहित से जुड़ी समस्याओं को तत्काल दूर करने का आश्वासन दिया गया। रामपुर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा सहित अन्य अधिकारियों से अपने अपने समस्याओं को रखा। वही अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया। कैम्प में राशन, पेंशन व आवास सहित अन्य योजना से संबंधित आवेदन पड़े। मौके पर प्रभात रंजन, मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मानव जीवन में संत, सत्संग व शास्त्रों की भूमिका महत्वपूर्णः जीयर स्वामी

- बोले जीयर स्वामी कर्म ही साधना, अराधना और उपासना है
- रूप सागर में आयोजित हुआ है श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**केटी न्यूज/नावानगर**

मानव जीवन में संत, सत्संग तथा शास्त्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बिना इसके जीवन बेकार हो जाता है। जबकि संतो की संगति और शास्त्रों के अध्ययन से जीवन सफल होता है। उक्त बातें परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने गुरूवार को रूपसागर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रवचन के दौरान कही है। उन्होंने कहा कि संत, सत्संग व शास्त्रों के अभाव में हम दुनिया के सभी साधन संसाधन हमें सुख नहीं दे सकते है। बल्कि ये हमारे लिए बोझ बन जाते है।

स्वामी जी महाराज ने कहा कि साधन और संसाधन तथा उपयोगी और श्रृंगार बन सकते है जब हम शास्त्र व धमार्नुसार आचरण करें। ऐसा संतो की संगति व सत्संग से ही संभव है। मनुष्य को अपने जीवन में धमार्नुकूल काम करना चाहिए।


प्रवचन करते जीयर स्वामी जी महाराज

उन्होंने कहा कि संत, सत्संग व शास्त्रों का सहारा लेने के बाद कर्म ही हमारे लिए साधना, अराधना तथा उपासना बन जाती है। लेकिन बिना धर्मों के ज्ञान के हम सत्कर्म व कुकर्म में अंतर नहीं समझ सकते है। पूज्य स्वामी जी महाराज ने कहा कि साधुओं की संगति से कई लोगों का जीवन सुधरा है। उन्होंने अंगुलीमाल समेत कई अन्य उदाहरण भी दिए। इसके अलावे उन्होंने कहा कि जिज्ञासा से ही सृष्टि प्रारंभ होती है। स्वामी जी ने कहा कि भारतीय दर्शन की उत्पति भी जिज्ञासा के कारण हुई थी। मनुष्य के अंदर जिज्ञासा होनी चाहिए। उन्हें यह जानने की जिज्ञासा भी होनी चाहिए कि मैं कौन हूं, मुझे किसने लाया और मुझे क्या करना है। इस जिज्ञासा के आने के बाद हम वास्तव में जीवन के अर्थों को समझ पाते है।

उन्होंने कहा कि धर्म की जिज्ञासा से मनुष्य में देवत्व आता है। बिना धर्म की जिज्ञासा किए ब्रह्म की जिज्ञासा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग सीधे ब्रह्म की जिज्ञासा करते है। लेकिन बिना धर्म के ब्रह्म की जिज्ञासा कराना निरर्थक होता है। स्वामी जी महाराज ने इसके अलावे सती प्रसंग का भी वर्णन किया। प्रवचन के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो कथामृत का पान कर रहे थे। इसके पहले गुरूवार को भी बड़ी संख्या में लोग इस श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल हुए तथा महायज्ञ मंडप की परिक्रमा किए। महायज्ञ के आयोजन से रूप सागर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। दूर दूर से श्रद्धालु महायज्ञ में शामिल होने तथा परम पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी का दर्शन करने आ रहे है। आयोजन समिति द्वारा भी महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है। गांव के दर्जनों युवा पूरे दिन व्यवस्था की कमान संभाले हुए है। लोग स्वैच्छिक श्रमदान भी कर रहे है। बता दें कि स्वामी जी महाराज के शिष्यों की संख्या लाखों में है तथा उनके यज्ञों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है। रूपसागर में भी ऐसा देखने को मिल रहा है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए प्रथम सांसद सह अंतिम महाराजा बहादुर कमल सिंह



श्रद्धांजलि सभा में शामिल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुरुवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम लोकसभा के सदस्य व अंतिम महाराजा स्व कमल सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि समारोह लंगटू महादेव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ था। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया था। जिसमें लोगों ने अपने प्रिय महाराज के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतिव पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि वे आधुनिक डुमरांव के शिल्पकार थे।

उन्होंने डुमरांव की पहचान बिहार के अग्रणी औद्योगिक शहरों में कराई थी। सूत मिल, लालटेन फैक्ट्री, कोल्ड स्टोरेज जैसे बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना के साथ ही उनके द्वारा दर्जनों छोटे उद्योगों की स्थापना भी की गई थी। जिसमें हजारों लोग अपनी आजीविका चलाते थे। इसके अलावे उन्होंने डुमरांव में अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान तथा कई अन्य सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना कर लोगों को बड़ा राहत दिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व पार्षद धीरज कुमार ने किया। धीरज कुमार ने बताया कि स्व. महाराजा साहब डुमरांव की पहचान है, इनके नाम से डुमरांव को जाना पहचाना जाता है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह ने कहा कि महाराजा कमल सिंह जी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, प्रशासनिक, आदि जैसे कई क्षेत्रों में इनका अतुलनीय योगदान दिये है। डुमरांव की मिट्टी में महाराजा साहब कण कण में बसे हुए है। इस मौके पर ऑटो संघ के बबन प्रसाद, फुटपाथी नेता मिन्टू हाशमी, राजेन्द्र पाल, आदित्य राज, मो. आरिफ हुसैन, विजय मिश्र, संदीप, मनीष जायसवाल, रतन कुमार, धर्मेन्द्र यादव, हैप्पी रंजन, उमेश कुमार प्रजापति, रामनिवास कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## आंकड़ों की बाजीगरी तक ही सिमट कर रह गई शहर में अस्थायी रैन बसेरा योजना

# बेसहारा और बेघरों को नहीं मिल रहा रैन बसेरा का सुख, दिखाया जा रहा फर्जी आंकड़ा

- रेलवे स्टेशन परिसर, रिक्शा पड़ाव तथा विभिन्न मंदिरों में खुले आसमान तले रात बिताने को मजबूर हैं गरीब

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डेनुलम योजना के तहत स्थानीय नगर परिषद द्वारा पिछले दो वर्षों से जाड़े के सीजन में अस्थायी रैन बसेरा का संचालन किया जाता है। 40 बेडो वाले इस अस्थायी रैन बसेरा का मुख्य उदेश्य भीषण ठंड में बेसहारा तथा बेघर लोगों को राहत पहुंचाना है। उन्हें खुले आसमान तले इस भीषण ठंडी की रात न गुजारना पड़े इसके लिए प्रत्येक महीने हजारों रूपए भी खर्च किए जा रहे है। इसके लिए मोटी रकम खर्च कर रेलवे स्टेशन के पास एक मकान भी किराया पर लिया गया है। दिखाने के लिए तो वहा कंबल, बिछावन, तकिया आदि की व्यवस्था की गई है। लेकिन धरातल पर इसका लाभ गरीबों को नहीं मिला पा रहा है। दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत शहरी आजीविका मिशन को इसकी जिम्मेवारी भी दी गई है। लेकिन ठंड से बचाव के सारे इंतजाम फेल हो गये और रैन बसेरा आंकड़ो के खेल में फंस कर रह गया। प्रचार-प्रसार के आभाव में असहाय गरीब खुले आसमान के नीचे रात गुजारने पर विवश है।


स्टेशन के पास ठंड से ठिठुरता बेसहारा व्यक्ति

**दुकानों में काम करने वाले ही पा रहे रैन बसेरे का सुध :** रैन बसेरा में 40 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गयी है। जिसमें फोल्डिंग के साथ बिछावन, मच्छरदानी, पीने का शुद्ध पानी और शौचालय की सुविधा मुहैया कराने का निर्देश मिला है लेकिन रैन बसेरा में पानी और शौचालय की सुविधा नदारद है। जानकार सूत्रों की मानें तो रैन बसेरा में रेलवे स्टेशन के आसपास खुले दुकानों के दो-चार वर्कर ही रैन बसेरा का सुख पाते है। इसके बाद इस रैन बसेरा में बगैर रात गुजारने वालों का फर्जी आंकड़ा तैयार कर अधिकारियों के पास भेज दिया जाता है। पिछले दिनों नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया था। जिसमें कई खामियां पायी गयी थी। जिसको लेकर मिशन के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी थी। बावजूद उनके कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है।

### प्रचार प्रसार के अभाव में जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पा रहा रैन बसेरा का फायदा

समाजसेवी राजीव रंजन सिंह, दिनेश सिंह, संतोष कुमार आदि ने बताया कि रेलवे स्टेशन के आसपास खुले रैन बसेरा गरीबों के लिए वरदान है लेकिन प्रचार-प्रसार और जानकारी के आभाव में गरीब तबके के लोग जहां जगह मिली वहीं रात गुजारने पर विवश हो जाते है। नप प्रशासन को ऐसे कामों के लिए प्रचार-प्रसार कराना चाहिए। बता दें कि विभाग ने छतविहीन गरीबों को ठंड के मौसम में छत मुहैया कराने का दिशा-निर्देश लागू किया है, ताकि बढ़ती ठंड से राहत मिल सके। ठंड के मौसम में किसी को खुले आसमान के नीचे नही सोना है बल्कि वैसे लोग नि:शुल्क रैन बसेरा का उपयोग कर सकते है। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में वैसे लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बल्कि बेघर व बेसहारा लोग आज भी रेलवे स्टेशन परिसर, रिक्शा पड़ाव तथा विभिन्न मंदिरों में रात गुजारने को बाध्य हो रहे है। नगर के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता डा एसके सैनी ने डीएम अमन समीर से इसकी जांच करा दोषियों पर कार्रवाई करने तथा जरूरतमंदों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार की मांग की है।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बक्सर में निकाली जाएगी 250 मी. लंबी तिरंगा यात्रा

**केटी न्यूज/बक्सर**

गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले 25 जनवरी को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए गुरुवार को सामाजिक संगठनों और शहर के प्रबुद्ध जनों की एक बैठक रेड क्रॉस भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता गिट्टू तिवारी ने बताया कि इस वर्ष 250 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकालने का संकल्प लिया गया है। यात्रा के माध्यम से समाज में देशप्रेम व एकता का संदेश दिया जाएगा।

बैठक में आयोजन समिति के गठन पर मंत्रणा हुई। यह यात्रा बक्सर के लिए एक बार फिर से ऐतिहासिक होने वाली है। यह यात्रा उन तमाम सैनिकों के लिए भी है जिन्होंने देश सेवा में अपनी जान गवां दी। बैठक को समापन करते हुए अभिनंदन सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा में समस्त देशभक्त सम्मिलित हो और इस तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा बनाने का कार्य करें। बैठक उपरांत बताया गया कि 25 जनवरी को शहीद स्मारक कवलदह पोखरा से ज्योति चौक, पुलिस चौकी, पीपी रोड, जमुना चौक, सेन्डिकेट से गोलंबर तक निकाली जाएगी। जिसमें कई विद्यालयों एवं कोचिंग के छात्र-छात्राओं,आम जनता और गणमान्य लोग शामिल होंगे। बैठक में एमपी हाई स्कूल प्राचार्य विजय मिश्रा, रेडक्रॉस के सचिव श्रावण तिवारी, सैनिक संघ के उपाध्यक्ष विद्यासागर चौबे, बक्सर पब्लिक स्कूल के निदेशक निर्मल सिंह, रेडियंट पब्लिक स्कूल के राजेश सिंह, राज कोचिंग के निदेशक राजेश चौबे, महाभारत कोचिंग के आदित्य विद्यार्थी, लाइट कोचिंग के दीपक सिंह, सफलता कोचिंग के राजेंद्र सिंह व अन्य शामिल रहें।


बैठक में शामिल समिति के सदस्य

## विद्यालयों में आठ तक शिक्षण कार्य बंद करने के निर्देश

**बक्सर।** शीतलहर का प्रभाव जिले में जारी है। इसकी वजह से आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने अमन समीर ने कक्षा एक से आठवीं तक के स्कूलों को 8 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है मौसम को देखते हुए राज्य मुख्यालय के निर्देश के अनुरूप यह आदेश दिया जाता है कि सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में 8 जनवरी तक शैक्षणिक कार्य बंद रहेंगे। इस दौरान शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी विद्यालयों में अपना कार्य करेंगे। हालांकि जिले में ठंड की वजह से 30 दिसंबर के बाद से ही पिछले तीन चरण में विद्यालय बंद करने के निर्देश दिए गए थे। आज 5 जनवरी को उसकी सीमा समाप्त हो रही थी। लेकिन, ठंड का प्रभाव यथावत बने रहने की वजह से आदेश को विस्तारित किया गया है।

## दबंगईः अधेड़ सहित चार को किया अधमरा इलाज के दौरान एक की मौत, छापेमारी शुरू

**केटी न्यूज/बक्सर**

औद्योगिक थाना क्षेत्र के गगौरा गांव में बुधवार की देर शाम जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में जख्मी एक अधेड़ की ईलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। जिसके बाद गांव में सन्नाटा पसर गया। वहीं, आधी रात मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मारपीट की इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए है।

जख्मियों में भदेसर यादव (54), पवन कुमार यादव (24), गोवर्धन यादव (45), गोविन्द यादव (28) शामिल है। इस घटना में भदेसर यादव (54) को गंभीर रूप से चोटें आई थी। हालत गंभीर होते देख डाक्टरों ने उन्हें बेहतर ईलाज के रेफर कर दिया था। परिजन उन्हें लेकर वाराणसी ट्रामा सेंटर पहुंचे। लेकिन वहां पहुंचते ही रात एक बजे उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस गांव आ गए। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल पीड़ित पवन कुमार यादव ने बताया कि उन्हीं के पट्टीदार रामाशीष यादव, घुरहु यादव, तेजा यादव व गुड्डु यादव ने उनकी जमीन पर कब्जा किया है। जिसके बाद उनलोगों ने थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को शनिवार को कागज लेकर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। तभी इसी बीच पहले से तैयार बैठे इन लोगों ने लाठी-डंडे से 20 से अधिक संख्या में लोग हमला कर दिया। जिसमें हमलोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपी पक्ष फरार है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।


अस्पताल में इलाजरत जख्मी

## नागपुर में जनता दरबार का आयोजन

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के नागपुर पंचायत में सरकार के निर्देश पर गुरुवार को बीडीओ इंदुबाला सिंह व मुखिया शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनता दरबार लगाया गया। इस दरबार में पंचायत के विभिन्न गांव से पहुंचे लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

ईटवा गांव से पहुंचे वार्ड सदस्य अनिल राम ने कहा कि महादलित बस्ती में 20 वर्ष बाद भी अब तक गली का ईट सोलिंग नहीं किया गया है। इससे आने जाने में काफी परेशानी होती है। इस गांव की 16 ऐसी महिला हैं जिन्होंने अपना बंध्याकरण कराया है या प्रसव हुआ है, उन्हें जो स्वास्थ्य विभाग के तरफ से प्रोत्साहन राशि मिलना चाहिए वह अब तक नहीं मिला है। जिनमें नीलम देवी, पुष्पा देवी, सुनीता देवी, लक्ष्मीना देवी, रामावती देवी, कमलावती देवी ने प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन दिया है। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत अपनी फरियाद लेकर पहुंची सुमित्रा देवी, त्रियोगीनारायण चौबे ने बताया कि पिछले आठ महीने से पेंशन की राशि खाते में नहीं आ रही है। इसको लेकर कई बार विभाग का चक्कर लगा चुके हैं। कई ऐसी महिलाएं थी जिन्हें विगत डेढ़ वर्षों से पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। महाराजगंज गांव से पहुंचे ग्रामीण प्रेमनाथ सिंह, दीनानाथ सिंह, बद्री सिंह, अटल बिहारी सिंह ने कहा कि मुख्य रोड से महाराजगंज गांव तक जाने वाली सड़क टूटकर क्षतिग्रस्त हो गयी है। जिसे बनाना जरूरी है।

**स्वच्छता का अलख जगाने के लिए नगर परिषद ने झुग्गी बस्तियों में चलाया जागरूकता अभियान**

# स्वच्छता सर्वेक्षण मिशन 2023 में अव्वल आने के लिए चलाया जा रहा अभियान

- छोटे-छोटे समूहों को इकट्ठा कर की बैठक, स्वच्छता को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 मिशन को सफल बनाने के लिए डुमरांव नगर परिषद ने कवायदें तेज कर दी है। इसके तहत अब समाज के अंतिम पायदान में शामिल झुग्गी बस्तियों तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को नगर परिषद की जागरूकता अभियान से जुड़ी टीम ने शहर के कई झुग्गी झोपड़ियों का भ्रमण कर छोटे-छोटे समूहों को इकट्ठा कर बैठक किया एवं स्वच्छता को लेकर अपने लक्ष्य एवं कर्तव्य के निर्वहन हेतु उन्हें जागरूक किया तथा डुमरांव को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने में उनके सहयोग के लिए उन्हें शपथ भी दिलवाया।


झुग्गी बस्ती में जागरूकता अभियान चलाते नप कर्मी

बता दें कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए नगर परिषद लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। उसी मिशन के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर शिक्षक अनुराग मिश्र, नगर मिशन प्रबंधक कुमारी रश्मि, राकेश पांडे, सीओ बंगाली एवं सीआरपीओ के समूह ने झुग्गी झोपड़ियों एवं कूड़ा उठाने वाले जो भी उस तरह के लोग जो कि स्वच्छता को लेकर अभी भी गंभीर नहीं है, उन्हें बैठक के माध्यम से अलग-अलग समूहों के द्वारा समझाया एवं कर्तव्य निर्वहन हेतु बताया गया कि स्वच्छता के माध्यम से कैसे हम एक दूसरे को जोड़ सकते हैं। यह भी बताया गया कि स्वच्छता को आदतों में शुमार कर हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। ब्रांड एंबेसडर अनुराग ने कहा कि इस बार डुमरांव नगर परिषद को बिहार का सबसे सुंदर व स्वच्छ नगर परिषद बनाना है। इसकी तैयारी अभी से शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब प्रत्येक शहरवासी यह ठान ले कि हमे अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि परिवेश की सफाई की आदतें सभी को डालनी चाहिए। इसके अलावे झुग्गी बस्तियों के बच्चों से कूड़ा कचरा चुनने जैसी आदतों को छोड़ नियमित स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया गया। अनुराग ने कहा कि नगर परिषद घर-घर कूड़ा का उठाव करा रही है। इस दौरान टीम ने करीब आधा दर्जन झुग्गी व दलित बस्तियों का दौरा किया तथा लोगों को स्वच्छता से संबंधित अहम पहलुओं की जानकारी दी। बस्तियों में आयोजित बैठक में महिलाओं तथा बच्चों की संख्या अधिक थी। लोगों ने नगर परिषद के इस प्रयास की सराहना भी की।

## छोटी खबरें

### मऊ एसपी ने की वर्चुअल मीटिंग

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में बुधवार की शाम पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे द्वारा सर्किल क्षेत्र में कार्य दरोगा एवं पुलिसकर्मियों को वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से सख्त निर्देश दिया। कहा कि सभी लोग ठंड के मौसम में दो पहिया वाहन से चलते समय हेलमेट अवश्य लगाकर तथा गाड़ियों पर आगे एवं पीछे जो नेम प्लेट हो वह ऑनलाइन होनी चाहिए कोई भी ड्यूटी के दौरान नशा अथवा मदिरापान करते हुए पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीआरबी 112 कि कार्यरत उप निरीक्षक तथा दरोगा को भी सख्त निर्देश दिया कि वो अपनी-अपनी ड्यूटी पर मुस्तैदी से डटे रहें। कहीं किसी प्रकार की कोई सूचना आती है, तो तत्काल मौके पर जाकर मामले का सत्यता तथा गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मीटिंग में पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अजय विक्रम सिंह, कोतवाल शैलेश सिंह, उपनिरीक्षक पंकज यादव, मनोज कुमार सिंह, लाल बहादुर प्रसाद समेत समस्त पुलिसकर्मी व महिला कांस्टेबल मौजूद रही।

### बार एसोसिएशन के सदस्यों को दिलाई गई शपथ

**मऊ।** सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों को लाइब्रेरी हाल में बार के एल्डर कमेटी के चेयरमैन दीनानाथ यादव ने शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन व वर्तमान सदस्य अरूण कुमार त्रिपाठी रहे व जनपद न्यायाधीश रामेश्वर की अध्यक्षता व पूर्व एमएलसी दयाराम पाल की सह अध्यक्षता में शपथ दिलाई गई। समारोह मे सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बार की गरिमा व बार हित में बिना पक्षपात के कार्य करने की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष पद पर शमसुल हसन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार अश्क व महामंत्री पद पर हरिद्वार राय, साधारण उपाध्यक्ष के दो पदों पर सुनित कुमार श्रीवास्तव, अवनीश कुमार गौतम कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रशान्त कुमार त्रिपाठी व सयुंक्त मंत्री 3 पदों के लिए नीरज कुमार सिंह, राजेश कुमार राय,लल्लन भारद्वाज तथा कोषाध्यक्ष पद पर केदार नाथ गोंड़ तथा कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य पदों पर मनोज कुमार सिह, हरिश्चन्द्र चौहान, युसुफ खान, राजेन्द्र प्रसाद व कनिष्ठ सदस्य पद पर मनीष चन्द्र श्रीवास्तव, दिलीप कुमार पाण्डेय, राजेश चौधरी, उमेश कुमार सिंह, सर्वेश प्रजापति ने शपथ लिया। वहीं बार के निवर्तमान अध्यक्ष विरेंद्र बहादुर पाल व महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

# तैयार हुई रूपरेखा: 9.18 करोड़ की लागत से होगा क्षेत्र का विकास

- विधायक ने कहा, विकास के लिए प्रदेश सरकार की ओर से धन की नहीं होगी कोई कमी

**केटी न्यूज/बलिया**

नौ करोड़ अठारह लाख रुपये से चार दर्जन से अधिक के विकास कार्यों से क्षेत्र के विकास का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिये गुरुवार को बांसडिहा पंचायत के डवाकरा हाल में ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें विकास के चार दर्जन से अधिक नौ करोड़ अठारह लाख के कार्य योजना को मंजूरी दी गयी। बैठक में नयी योजनाओ पर भी विचार किया गया। राज्य वित्त, पंचम वित्त, पद्रंहवा वित्त व मनरेगा कार्यो के प्रस्ताव सर्वसम्मिति से पास हुआ।

बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक केतकी सिंह ने कहा कि गांवो के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के साथ समन्वय से कार्य कर रहीं हैं। बांसडीह ब्लाक के विकास के लिए प्रदेश सरकार की ओर से धन की कोई कमी नहीं होगीं। विधायक ने कहा की गांवों में पंचायत प्रतिनिधि आमलोगों के साथ आपसी सहमति बनाकर जल निकासी, जल संचयन, स्वच्छता, गलियों व सड़को का निर्माण कराये जिससे आम लोगों को सुविधा मिल सकें। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया की वह हमेशा विकास कार्यों में मदद को तैयार रहेंगी।




बैठक में लोगों को संबोधित करती विधायक केतकी सिंह

ब्लॉक प्रमुख सुशीला देवी ने कहा कि गांवो में विकास के कार्यो में सरकार की योजना के अनुसार कार्य करना है। मनरेगा के तहत गांवों में दो पुरवे व गांवो के नाली व सड़को को आपस में जोड़ने, पौधरोपण, तालाब, मिटटी कार्य व अन्य विकास कार्यो के लिए गांवो का चयन आपसी सहमति से किया जायेगा। ब्लॉक प्रमुख ने ब्लॉक के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे बीडीसी व ग्राम प्रधान तथा आमलोगों से तालमेल बनाकर अपने कर्तब्यो व जिम्मेदारियो का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करे। बीडीओ दिनेश कुमार मौर्य ने कहा की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना व स्वच्छता मिशन में शौचालय के चयनित लाभार्थियो का निर्माण कार्य तत्काल पूरा करायें। उन्होंने आवास के साथ ही शौचालय, मनरेगा, समूह संगठन, निःशुल्क बोरिग, पशु जीवन बीमा आदि योजनाओ के बारे में जानकारी दी। बीडीओ ने बताया की महिला जांब कार्डधारक का समूह बनाकर उसे ग्रामीण राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के तहत अनुदान दिया जा सकता है। सद्स्यों से प्रस्ताव बनाकर देने को कहा। बैठक में फ्री बोरिग, विधवा, वृद्धा, विकंलाग, पेंशन, सौर उर्जा, उज्जवला योजना, कुपोषण, राशन कार्ड, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प आदि योजना के बारे में विचार व चर्चा किया गया। बैठक में अवधेश पाण्डेय, सोनू सिंह, अखिलेश सिंह, प्रेम सिंह,ग्राम प्रधान नीतिश पाण्डेय रंजन, जिला पंचायत सदस्य फागू यादव, दिलीप तिवारी, विनय सिंह, दयाशंकर राजभर, राजेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, सवेंश सिंह,दीपक श्रीवास्तव, अनिल यादव आदि थे।

### बलिया में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस, कराया पोस्टमार्टम

# मची सनसनी: पुआल के ढेर में क्षत-विक्षत हालत में मिला शव, नहीं हो सकी पहचान

- पुआल व सुखी लकड़ी लेने गई महिला ने देखा था शव
- ग्रामीणों ने कहा-हत्या करने के बाद पुआल में छुपायी गई लाश

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के सिकंदरपुर स्थित पकड़ी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत उकछी अंतर्गत आम के बगीचे में रखे पुआल के ढेर से गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुआल के ढेर में शव मिलने की खबर आग की तरह इलाके में फैल गई। जिसके बाद लोगों को जुटान होने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कागजी कोरम पूरा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

मामले में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्राम पंचायत उकछी के पूरब दिशा में स्थित गोरही के पास स्थित बागीचे में गांव के राजकुमार खरवार का पुआल रखा गया है। गुरुवार की सुबह गांव की एक महिला सुखी लकड़ी के लिए बागीचे में गई थी। जैसे ही वह पुआल के ढेर के पास पहुंची, दुर्गंध ने उसका ध्यान आकर्षित किया। किसी तरह उसने पुआल के पास जाकर देखा तो पुआल के अंदर उसे शव नजर आया। जो पूरी तरह कंकाल का रूप धारण कर चुका था। कंकाल देख महिला के हाथ पैर फुल गए। उसने शव की जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी। सूचना मिलते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसी बीच घटना की जानकारी होने पर एसएचओ पकड़ी भी मौके पर पहुंच गए और शव को किसी तरह बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि, शव वहां कैसे आया, किसने रखा और कब रखा... ये सभी सवाल ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। शव के कंकाल को लेकर लोगों की अलग-अलग राया है।



पुआल की ढेर में पड़ा शव



शव को बाहर निकालने का प्रयास करते पुलिस जवान

### एक माह पहले ही रखा गया था पुआल

राजकुमार खरवार ने बताया की नवंबर माह में धान की कटाई होने के बाद उसी बागीचे में उसकी निराई का काम किया गया था। घर पर पर्याप्त जगह न होने से पुआल को वहीं छोड़ दिया गया था। गोरही बगीचे में करीब एक माह पहले ही पुआल रखा गया था। इसी बीच गुरुवार को पूर्णत: कंकाल बन चुका शव बरामद हो गया। उधर शव मिलने के बाद तरह तरह की चचाएँ हो रही हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पकड़ी शत्रुघ्न कुमार ने बताया कि पुआल के ढेर से बरामद किए गए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिल हाल इसकी पहचान नही हो पाई है। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### फुटबाल के पहले मैच में उसियां ने मुबारकपुर को ट्राईब्रेकर में 5-4 से दी शिकस्त



**गाजीपुर।** सुहवल गांव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52वीं अन्तर्राज्यीय स्व. गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता शुरू हुई। बुधवार की शाम खेले गए एकमात्र मुकाबले में उसियां ने मुबारकपुर (आजमगढ़) को ट्राईब्रेकर में 5- 4 से शिकस्त देकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैच के शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच काफी रोमांचकारी मुकाबला देखने को मिला,दोनों ही टीमों के समर्थक अपनी अपनी टीम का हुटिंग के जरिए हौंसला अफजाई में लगे रहे। मध्यान्तर से पहले दोनों ही टीमों को क ई अवसर मिले मगर उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके। मध्यान्तर तक दोनों टीमें गोल रहित रही,इसके उपरांत शुरू हुए मुकाबलें में भी काफी संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला।मगर मैच समाप्त होने तक कोई भी टीम गोल कर पाने में विफल रही,जिसके बाद निर्णय निकलता न देख निर्णायक ने ट्राईब्रेकर का सहारा लिया जिसमें उसियां ने मुबारकपुर (आजमगढ़) को 5-4 से पराजित कर मुकाबला जीत लिया। इस अवसर पर योगी हर्ष सिंह, अरविन्द राय,मेठ बिन्द,प्रफुल्ल चंद्र राय,पूर्व प्रधान आदित्य नारायण राय,सोनू राय,राजू, प्रिंस आदि मौजूद रहे।निर्णायक बृजेश मिश्रा उर्फ चुन्नू मिश्रा जबकि उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

### नेकी की दीवार ने गरीबों में बांटे गर्म कपड़े



**गाजीपुर।** पिछले कई सालों से चली आ रही परंपरा इस साल भी जीवित रही 'नेकी की दीवार' का स्टाल लगा और कचहरी रोड पर नगर के प्रमुख समाजसेवी विवेक कुमार सिंह शम्मी के नेतृत्व में लगे स्टाल से सैकड़ों गरीब लाभान्वित हुए। नगर के संभ्रान्त व सक्षम लोगों द्वारा स्टाल पर घरों में न इस्तेमाल होने वाले गर्म कपड़े, शॉल, स्वेटर, मोफलर, कंबल, जूते आदि अपनी स्वेच्छा से स्टाल पर देने का काम किया जाता है। इसे आने-जाने वाले जरूरतमंद राहगीरों ने लेने का काम किया। बताया कि यह स्टाल नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड में लगाया जाता रहेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की मदद की जा सके। गुरुवार को पहले दिन स्टाल से करीब-करीब 500 लोगों को गर्म कपड़े, मोफलर, कंबल, जूते इत्यादि बॉटकर मदद की गई, जो की आगे भी चलती रहेगी। कार्यक्रम की शुरूआत समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कर किया। साथ में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष तहसीन अहमद, शिक्षक सभा के चन्द्रिका यादव, सदानन्द यादव, कमला यादव इत्यादि अन्य नगरवासी मौजूद रहें।

### इंटरमीडिएट की छात्रा ने लगाई फांसी

**मऊ।** रतनपुरा प्रखंड के छिछोर ग्राम पंचायत अंतर्गत चिनोरा पुरवे में एक छात्रा द्वारा कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना बुधवार को देर शाम हुई। पुलिस को इसकी सूचना शाम को मिली तो उसने मृतका का शव अपने कब्जे में लेकर उनके उनके परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्रा ने बताया कि मृतका प्रियंका चौहान 20 वर्ष पुत्री राजेश चौहान छिछोर ग्राम पंचायत अंतर्गत चिनोरा पूरवे की निवासिनी थी। इंटरमीडिएट की छात्रा थी। उसके पिता बाहर काम करते हैं। उसके दो भाई खेतों में काम करने गए थे। जबकि उसकी मां बैंक से पैसा निकालने के लिए रतनपुरा आई हुई थी। और जब वह घर रतनपुरा से लौटकर शाम छह बजे के लगभग घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद पाया। इसके बाद दरवाजा तोड़कर के उसकी मां अंदर घर के प्रवेश की तो वहां का नजारा देख कर हतप्रभ हो गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### पशु आरोग्य शिविर सह गोष्ठी का आयोजन




**गाजीपुर।** राजकीय पशु चिकित्सालय मरदह अंतर्गत ग्राम सभा तेजपुरा के माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर/गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बडे पशु 337 व छोटे पशु 1845 को पेट के कीड़े मारने की दवा निःशुक्त दिया गया। साथ ही साथ बांझपन का चिकित्सा के माध्यम से कृत्रिम गभार्धान किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य शशिप्रकाश सिंह के द्वारा गोपूजन के साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार ने जो भी योजनाएं पशुपालकों व किसानों के हित में चलाई है वह काफी महत्वपूर्ण है। हर पशुपालक जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले और पशु चिकित्सक से परामर्श लेकर ही पशुओं का समय टीकाकरण व बीमा कराकर सुरक्षित रहें।

## अंतरजनपदीय इनामी कुश्ती प्रतियोगिता में नामी पहलवानों ने किया उम्दा प्रदर्शन

- शामिल हुए पूर्वांचल के कई जिलों के पहलवान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नंदगंज थाना क्षेत्र के धरवां अखाड़ा में गुरुवार को अंतर्जनपदीय इनामी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कई जनपदों के पहलवानों ने अपने दांव पेंचों का प्रदर्शन कर दूसरे पहलवान को चित किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य भोलानाथ बिंद ने फीता काटकर कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आयोजित कुश्ती में गाजीपुर के अलावा बलिया, जौनपुर, वाराणसी, कैमूर, चंदौली आजमगढ़ आदि के तीन दर्जन से अधिक पहलवानों ने फ्री स्टाइल कुश्ती का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात मौजूद सैकड़ों की भीड़ ने हो-हल्ला कर उनका हौसला आफजाई किया और आनंद उठाया। रेफरी की भूमिका जवाहिर पहलवान तथा रमायन पहलवान ने निभाई। इस मौके पर मुसाफिर यादव, छोटेलाल, रामा यादव, पवन सिंह, प्रधानपति डब्लू पासी, गोपाल यादव, लालमन यादव आदि मौजूद थे। संचालन विजय सिंह यादव ने किया। आयोजक रामअशीष बिंद ने इस भीषण ठंड में आए सभी पहलवानों और दर्शकों का आभार जताया।



कुश्ती से पूर्व

## शहर के सकलेनाबाद मुहल्ले के लोगों को अब पीने के लिए मिलेगा शुद्ध पानी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर पालिका परिषद द्वारा जनता की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जनहित के कार्य में निरंतर कदम आगे बढ़ाते हुए नित्य नए काम किए जा रहे हैं। गुरुवार को सकलेनाबाद दुर्गा चौक पर एक आरओ वाटर प्यूरीफायर प्लान्ट का लोकार्पण भाजपा काशीप्रान्त की उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा एवं नगर पालिका गाजीपुर की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरोज कुशवाहा ने कहा कि माता रानी के दरबार में उनकी प्रेरणा से नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल द्वारा जो आरओ वाटर प्यूरीफायर प्लान्ट का सौगात दिया गया है, वह काफी सराहनीय है। सरिता अग्रवाल एक गृहिणी हैं और गृहिणी होने के नाते जिस प्रकार घर को व्यवस्थित ढंग से चलाती है ठीक उसी प्रकार अपने पूरे नगर को बेहतर व व्यवस्थित करने का कार्य कर रहीं हैं।

मौके पर सरिता अग्रवाल ने कहा कि माता के दरबार में गरीबों, मजदूरों, दलितों, शोषितों के हितार्थ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था माता रानी की कृपा से ही संभव हो पाया है। हम सब नगर की बुनियादी सुविधाओं को देने के लिए कृत संकल्पित हैं और उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पूर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल ने कहा कि 500 लीटर स्टोरेज के साथ प्रतिघंटा 150 लीटर पानी फिल्टर की क्षमता वाले प्लांट से यहां के आस-पास के लोगों के अलावा बाहर से आने जाने वाले लोगों को भी शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं को बनाया जायेगा और बेहतर, साफ-सफाई का भी रखा जाएगा पूरा ख्याल

# बलिया जिला महिला चिकित्सालय को मिला कायाकल्प अवार्ड

- महिला चिकित्सालय ने 86.40 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में 24वां रैंक किया प्राप्त, मिलेंगे 3.75 लाख रुपए

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला महिला चिकित्सालय को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए कायाकल्प अवार्ड वर्ष 2022-23 से पुरस्कृत किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में खुशी की लहर है। पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली राशि को महिला चिकित्सालय की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी पर खर्च किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयन्त कुमार ने बताया कि मानक के अनुसार अस्पताल का संचालन करने व मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने वाली चिकित्सा इकाइयों को राज्य स्तर पर कायाकल्प और केंद्रीय स्तर पर एन्क्वास अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। आंतरिक व वाह्य मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करने वालों का चयन कर चिकित्सालयों को अवार्ड दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। पूरे स्टाफ की बेहतर कार्य प्रणाली की वजह से ही अवार्ड मिला है। जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमिता सिन्हा ने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय ने 86.40 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में 24 वां रैंक प्राप्त किया है। अवार्ड के तहत जिला महिला चिकित्सालय को सरकार की ओर से 3.75 लाख रुपए मिलेंगे, जिसमें 75 प्रतिशत हिस्सा चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर खर्च होगा और 25 प्रतिशत स्टॉफ को बतौर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।



डॉ. सुमिता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

### प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिलास्तरीय चिकित्सालय को मिलते हैं 50 लाख रुपये

क्वालिटी एश्योरेन्स के सलाहकार डॉ. रंजय कुमार ने जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित समस्त स्टाफ को बधाई दी है। उनके मुताबिक सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता एवं अच्छी प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने यह महत्वाकांक्षी योजना 15 मई 2015 को आरंभ की थी। इसके तहत एक निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर स्वास्थ्य केन्द्रों का तीन चरणों में असेस्मेंट किया जाता है।

तीनों चरणों में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली चिकित्सा इकाइयों को केंद्रीय व राज्य स्तर से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र एवं अवार्ड धनराशि प्रदान की जाती है। योजना के मुताबिक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिला स्तरीय चिकित्सालयों को 50 लाख रुपये, द्वितीय को 20 लाख रुपये एवं तृतीय को 10 लाख रुपये दिये जाते हैं। **तीनों चरणों के माध्यम से आठ बिन्दुओं** जैसे- अस्पताल का रखरखाव, साफ-सफाई, बायो मेडिकल निस्तारण, ईको फ्रेंडली, इन्फेक्शन कंट्रोल, सहयोगी सेवाएं एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने आदि मुद्दों पर स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया जाता है। आंतरिक मूल्यांकन का निरीक्षण स्थानीय टीम, सहकर्मी मूल्यांकन का निरीक्षण मण्डल स्तरीय टीम व अंतिम मूल्यांकन राज्यस्तरीय टीम करती है।